सच्चा मित्र एक शिक्षक की भाँति होता है। जिस प्रकार शिक्षक अपने छात्रों को संमार्ग की ओर ले जाता है। उसी प्रकार सच्चा मित्र अपने मित्र को पाप के गर्त में गिरने से बचाता है। मानव-जीवन बहुत रहस्यपूर्ण है। कभी-कभी जीवन में ऐसे अवसर उपस्थित हो जाते हैं, जब मनुष्य की धर्म-बुद्धि नष्ट हो जाती है और उसका मन तेज गति से पाप की ओर दौड़ता है। ऐसे समय में मित्र का उपदेश ही कल्याणकारी सिद्ध होता है। मित्र के उपदेश का जितना अधिक प्रभाव पड़ता है उतना किसी और का नहीं।

(i) सच्चा मित्र किसके समान होता है?

(क) शिक्षक के ◯ (ख) नेता के ◯ (ग) उपदेशक के ◯

(ii) सच्चा मित्र अपने मित्र को कहाँ गिरने से बचाता है?

(क) धर्म मार्ग में ◯ (ख) पाप के गर्त में ◯ (ग) गलत मार्ग में ◯

(iii) इनमें से कौन-से शब्द विलोम नहीं हैं?

(क) आगे-बाहर ◯ (ख) लाभ-हानि ◯ (ग) सुख-दुख ◯

(iv) कौन-सा शब्द पर्यायवाची नहीं है?

(क) सखा ◯ (ख) दोस्त ◯ (ग) पड़ोसी ◯

(v) किस शब्द में कोई प्रत्यय नहीं लगा है?

(क) कल्याणकारी ◯ (ख) आनंदपूर्ण ◯ (ग) दोस्त ◯

रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखो–

(क) यह परिधान बहुत सुंदर है परंतु महँगा है। ______________________

(ख) वह धीरे-धीरे चलता हुआ विद्यालय पहुँचा। ______________________

(ग) जब मैं घर पर रहता था, रोज मंदिर जाता था। ______________________

(घ) शत्रु का उद्देश्य है कि वह कक्षा में प्रथम आए। ______________________

(ङ) सभी लोगों ने वह सुंदर दृश्य देखा। ______________________

1. रिक्त स्थान भरो–

(क) मनुष्य द्वारा उच्चारित ध्वनि ही ____________ कहलाती है।

(ख) बोली भाषा का ____________ तथा प्रारम्भिक रूप होती है।

(ग) व्याकरण हमें किसी भाषा के ____________ रूप का ज्ञान कराता है।

(घ) वह भाषा जिसे बालक अपने परिवार में सीखता है, उसे ____________ कहते हैं।

(ङ) ____________ के अंतर्गत वाक्य-रचना, वाक्य-विश्लेषण, भेद आदि का वर्णन किया जाता है।

(1) 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता के कवि कौन है?

(क) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (ख) शिव मंगल सिंह 'सुमन'

(ग) हजारीप्रसाद द्विवेदी (घ) माखनलाल चतुर्वेदी

(2) होती सीमाहीन ______ से इन पंखों की होड़ा-होड़ी,

कविता की पंक्ति पूरी करो।

(क) मार्ग (ख) पेड़ों (ग) टहनी (घ) क्षितिज

(3) कवि के अनुसार पंछी किस प्रकार की स्थिति में गा नहीं पाएंगे?

(क) पेड़ों से दूर रहकर (ख) पराधीन रहकर

(ग) पिंजरे में बंद रहकर (घ) पिंजरे से दूर रहकर

(ग) पंछी अपनी गति, उड़ान किस प्रकार के बंधन में रहकर भूल गए हैं?

(क) लोहे की शृंखला (ख) चांदी की शृंखला

(ग) मोती की शृंखला (घ) स्वर्ण की शृंखला

(घ) पक्षी अपने सपनों में क्या देख रहे हैं?

(क) नीले नभ की सीमा पाने (ख) तरु की फुनगी पर के झूले

(ग) चुगते तारक अनार के दाने (घ) कनक-कटोरी की मैदा से,

(1) 'दादी माँ' पाठ के लेखक इनमें से कौन है?

(क) शिवदास सिंह (ख) शिवप्रसाद सिंह

(ग) शिवराम सिंह (घ) शिवसागर सिंह

(2) लेखक जब उदास होता था, तब उसके सामने किसकी छाया नाच उठती है?

(क) माँ की (ख) पिताजी की
(ग) दादा जी की (घ) दादी माँ की।

(3) लेखक ने उस छाया को कैसा कहा है?

(क) शीतल (ख) धूमिल (ग) चंचल (घ) निर्मल

(14) 'दादीमाँ' पाठ में बच्चे किस महिने में झागदार पानी में नहाते हैं?

(क) आषाढ़ (ख) सावन (ग) क्वार (घ) भादों ।

(15) लेखक तालाब के झागदार पानी में नहाने का अधिक मजा नहीं ले सका, क्यों ?

(क) पानी बदबूदार होने के कारण
(ख) डूबने के डर के कारण
(ग) दादी माँ के मना करने के कारण
(घ) बीमार होने के कारण